दमण की जनता के लिए पुलिस विभाग के साथ मिलकर मुंबई पासपोर्ट कार्यालय द्वारा

दमण पुलिस हेड क्वार्टर में 18 अक्टूबर को पासपोर्ट कैम्प का आयोजन

■ प्रेस कांफ्रेंस में आईजी मनीष अग्रवाल एवं मुंबई पासपोर्ट अधिकारी स्वाति कुलकर्णी ने इस विषय में दी जानकारी ■ दमण के नागरिक ज्यादा से ज्यादा संख्या में ले पासपोर्ट कैम्प का लाभ: आईजी मनीष अग्रवाल ■ १६ तारीख तक ऑनलाइन फार्म जमा करने वाले नागरिकों को १८ अक्टूबर को आयोजित कैम्प के लिए मिलेगा अपोइंटमेंट : स्वाती कुलकर्णी

दमण 14 अक्टूबर, (असली आजादी संवाददाता)। दमण पुलिस हेड क्वार्टर में आज प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर 18 अक्टूबर पासपोर्ट कैम्प के आयोजन की जानकारी दी गई। इस प्रेस कांफ्रेंस में संघ प्रदेश आईजी मनीष कुमार अग्रवाल, मुंबई पासपोर्ट कार्यालय अधिकारी स्वाति कुलकर्णी, एसपी ईश सिंघल की मुख्य रूप से उपस्थिति रही। इस अवसर पर आईजी मनीष कुमार अग्रवाल ने बताया कि यहां पासपोर्ट कार्यालय खोलने की मांग की जाती रही है। इसके लिए प्रदेश प्रशासक भी कार्यरत है। उन्होंने कहा कि पासपोर्ट के लिए ऑनलाइन अपोइंटमेंट 16 अक्टूबर से शुरू हो जायेगी। आईजी प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस कैम्प का लाभ लेने के लिए आह्वान किया। इसके बाद मुंबई पासपोर्ट कार्यालय से आयी हुई पासपोर्ट अधिकारी स्वाति कुलकर्णी ने इसके बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विदेशमंत्री सुषमा स्वराज ने हर जिले में पासपोर्ट कार्यालय खोलने की बात कही है। इसी के तहत हमने जिन जिलों में पासपोर्ट कार्यालय नहीं है वहां कैम्प शुरू करने की योजना बनाई है। इसके तहत हमने दमण में 18 अक्टूबर को पासपोर्ट कैम्प करने का निश्चय किया है। उन्होंने बताया कि दमण से काफी लोग रोजाना मुंबई पासपोर्ट कार्यालय पहुंचते है। ऐसे में लोगों को मुंबई तक न आना पडे इस उद्देश्य से यहां पर पासपोर्ट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। स्वाति कुलकर्णी ने बताया कि 16 अक्टूबर से ऑनलाइन आवेदन स्वीकारने की शुरू होगी। इसके तहत ऑनलाइन फार्म भरकर ऑनलाइन ही इसकी फीस जमा करनी होगी। इसके तहत पासपोर्ट के आवेदकों को अपने सभी तरह के ऑरिजनल डॉक्यूमेंट लेकर कैम्प में उपस्थित रहना होगा। इस दौरान हम सभी साधन के साथ मौजूद रहेंगे जिससे लोगों के फोटो, फिंगर प्रिंट सहित की प्रक्रिया स्थल पर ही कर ली जायेगी। साथ ही उनको यह जानकारी मिल सकेगी की उनके पासपोर्ट के मामले पुलिस वेरीफिकेशन के लिए भेजे गये है या नहीं। कितने समय में उनको पासपोर्ट मिल सकता है। यदि किसी के पास पूरे डॉक्यूमेंट नहीं होंगे तो उन्हें वापस जाना होगा। यह कैम्प सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के पासपोर्ट के पेडिंग केस है वे हमें बतायेंगे तो हम उनकी स्थिति को जान पायेंगे और वे क्यों पेडिंग पडे और उनमें क्या कमियां है इसकी जानकारी आवेदनकर्ता को उपलब्ध करा सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि ब्रिटिश पासपोर्ट के लिए आवेदनकर्ताओं को भारतीय पासपोर्ट केंसल कराने के लिए पहले 10 लोगों की संख्या रखी गई थी लेकिन अब अधिकतम 20 रखी गई है। लेकिन अब चाहे जितने लोग भी आते है हम उनके कार्य को पूरा करने की कोशिश करते है ताकि दूर से आए लोग वापस न जा सकें। उन्होंने इस तरह के कैम्प के आयोजन पर कहा कि 6 महीने में एक बार या वर्ष में एक बार आवश्यक किया जायेगा। आज पत्रकार परिषद के आयोजन में नानी दमण पुलिस थाना प्रभारी सोहिल जीवाणी, मोटी दमण कोस्टल थाना प्रभारी दिनेश वाजा ने सहायक भूमिका निभाई।